राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, जयुपर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/ e-mail jdacad1960@gmail.com Phone: 0141-2706550(O)

क्रमांक : एफ 7 (4) अकाद / आकाशि / 2019 / 439 दिनांक : 7-11-19

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय : संवाद संगम कार्यक्रम "कॉलेज कम्यूनिटी कनैक्ट" का आयोजन दिनांक 19 नवम्बर 2019 के स्थान पर दिनांक 14 नवम्बर 2019 को नेहरू जयन्ती के रूप में आयोजित करने बाबत।

प्रसंगः इस कार्यालय का पत्रांक 1313 दिनांक 27 सितम्बर 2019

संदर्भः सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग, जयपुर का पत्रांकः प.24 (1)साप्र / 2 / 2012 दिनांक 25.10.2019

महोदय,

राजकीय महाविद्यालयों में समुदाय की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से कम्यूनिटी कनेक्ट कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम रहे हैं। इस कार्यक्रम को और अधिक उद्देश्यपरक बनाने की दृष्टि से 14 नवम्बर 2019 को नेहरू जयन्ती पर आयोजित किया जाना है।

आयोजन में क्या किया जाना है ? कैसे किया जाना है ? इस सम्बन्ध में आयुक्तालय के प्रसांगिक पत्र दिनांक 27 सितम्बर 2019 की पालन करें।

उक्त आयोजन में विद्यार्थियों द्वारा जो सह–शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जानी है, उनमें सभी गतिविधियों को नेहरू जयन्ती एवं उनके जीवन दर्शन एवं आदर्शो को सकेन्द्रित रखा जावें।

दिनांक 11 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय में नेहरू दर्शन से संबंधित चित्र एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की जावें। इस प्रतियोगिता में आधुनिक भारत के विकास को प्रदर्शित करने वाले चित्र यथा– तारापुर एटॉमिक संयंत्र, भाखरा नांगल बांध, इसरो एवं भारत में पंचायतीराज व्यवस्था की शुरूआत की थीम पर चित्र आधारित हो। इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय शांति को प्रेरित करने के चित्र यथा– पंचशील सिद्धान्त, गुट निरपेक्षता एवं साम्राज्यवाद रंग भेद के विरूद्ध इत्यादि विषयों को ध्यान में रखते हुए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जावें।

इस चित्र / पोस्टर प्रतियोगिता में बनाये गये चित्रों को दिनांक 14 नवम्बर 2019 को प्रदर्शित किया जावें एवं यह प्रदर्शनी 14 नवम्बर (नेहरू जयन्ती) से 19 नवम्बर 2019 (इन्दिरा गांधी जयन्ती) तक चले।

भवदीय,

(प्रदीप कुमार बोरड़, IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा,
राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 7 (4) अकाद / आकाशि / 2019 / 439 दिनांक : 7-11-19

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित :–

1. विशिष्ठ सहायक, माननीय मंत्री महोदय, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. संयुक्त निदेशक, एचआरडी / प्रशासन / निजी संस्थाऐं / रूसा / आयोजना, आकाशि, जयपुर।
5. वेब प्रभारी, आकाशि, जयपुर को अपलोड करने हेतु प्रेषित है।
6. रक्षित पत्रावली।

7/11/19

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)